



# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** कलयुग में आज भी भगवान परशुराम मौजूद है उन्होंने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। उक्त बात भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने ग्राम उदगुंवा में आयोजित भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में कही वह भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण के भूमि पूजन में शामिल हुए इस दौरान भाजपा भाजपा पार्षद अक्कू दुवे, अतुल भूरे चौधरी अशोक मिश्रा, रमेश नायक रिंकू दुबे दीपक शर्मा सुमित भार्गव राहुल पुरोहित अंकित शर्मा ,सुनील दुवे सहित जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

**कलयुग में आज भी भगवान परशुराम मौजूद हैं : डॉ.सुकर्ण**

**पंडोखर धाम महोत्सव में शामिल हुए अरुणादित्य देव :** पंडोखर धाम पर चल रहे 30 वें पंडोखर धाम महोत्सव में दतिया महाराजा अरुणादित्य देव शामिल हुए। उन्होंने श्री पंडोखर सरकार बालाजी मंदिर में पहुंच कर मत्था टेका एवं धाम परिसर में स्थापित मंदिरों में बिराजित देवी-देवताओं के दर्शन कर चरणों में नमन किया।इसके पश्चात श्री जूदेव ने श्रद्धा मंच पर पंडोखर पीठाधीश्वर संत गुरु शरण महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धाम पर गुरुजी के सानिध्य में चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की करते हुए सनातन धर्म एवं पुरातन संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया। संत गुरुशरण महाराज ने जूदेव ने महाराजा अरुणादित्य देव का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

# सुरक्षा की दृष्टि से सेंवढ़ा पुलिस ने किया बैंकों का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** थाना सेवड़ा, में विभिन्न बैंकों का पुलिस द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैंकों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। सेंवढ़ा टीआई सुनील बनौरिया ने निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश बैंकों में सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, तथापि कुछ स्थानों पर आवश्यक कमियाँ भी दृष्टिगत हुईं। संबंधित बैंक प्रबंधन को उक्त कमियों को शीघ्र दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हिदायत दी गई। साथ ही बैंक रजिस्टर में निरीक्षण संबंधी टिप्पणियाँ अंकित की गईं एवं बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्कता बरतने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। थाना सेवड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

# भांडेर तहसील के नए भवन से एसी गायब होने का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** तहसील भांडेर के नवीन शासकीय भवन से एसी गायब होने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम भांडेर को लिखित आवेदन देकर पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

**वकीलों ने की आपराधिक कार्रवाई की मांग**

आवेदन में अधिवक्ता इन्द्रपाल सिंह सेंगर एवं अन्य वकीलों ने उल्लेख किया है कि राज्य शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से भांडेर में संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के लिए नया भवन निर्मित कराया गया था। इस भवन में आधुनिक सुविधाओं के तहत लॉयड कंपनी के नए एसी लगाए गए थे। आरोप है कि पूर्व पदस्थ अधिकारी द्वारा इन नए एसी को निकलवाकर उनकी जगह पुराने और खराब बोल्टास कंपनी के एसी लगवा दिए गए।वकीलों का आरोप है कि लॉयड कंपनी के एसी को चोरी-छिपे निकालकर अपने साथ ले जाया गया, जो कि एक गंभीर अनियमितता और शासकीय संपत्ति की हानि का मामला है।

अधिवक्ताओं ने इसे भ्रष्टाचार और कदाचार की श्रेणी में बताते हुए तत्काल जांच की मांग की है। प्रार्थीगणों ने एसडीएम से आग्रह किया है कि इस पूरे मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शासकीय संपत्ति की सुरक्षा हो सके और जिम्मेदार व्यक्तियों को दंड मिल सके। इस संबंध में आवेदन की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव (राजस्व) एवं कलेक्टर दतिया को भी भेजी गई है, जिससे मामले की उच्चस्तरीय जांच हो सके और शीघ्र न्याय मिल सके।

### आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, एक की मौत

**दतिया, 19 अप्रैल।** दतिया में आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक,एक की मौत, चिरूला थाना क्षेत्र अंतर्गत आस्था ढाबे के पास शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकरा गईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में भागवत पुत्र बृजलाल वंशकार निवासी ग्राम फुलरा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद उन्हें हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से जिला चिकित्सालय दतिया लाया गया,जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।




# दतिया की विरासत यहां की सांस्कृतिक पहचान : डॉ. गोस्वामी

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** सांस्कृतिक नगरी दतिया को साहित्य संगीत पुरातत्व एवं इतिहास के लिए स्वर्ण अक्षरों में जाना जाता हैं यहां की साहित्य और संगीत की प्रतिभाओं ने अपनी साधना से क्षेत्र का नाम बढ़ाया हैं।

उक्त विचार इंदरगढ़ शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलय गोस्वामी ने इंटेक दतिया अध्याय एवं तुलसी साहित अकादमी शाखा दतिया के संयुक्त आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए उन्होंने कहा की आज के वातावरण में लोगों को आनंद की जरुरत हैं जो अरूण सिद्ध जेसे हास्य कवियों की रचनाओं से प्राप्त होता हैं आज सिद्ध के गिद्ध का विमोचन इस बात का सबूत हैं कि लोगो के लिए क्षण भर में आनंद देने का कार्य हास्य कवि ही कर सकता हैं। कार्यक्रम में दतिया के हास्य कवि अरुण सिद्ध की काव्य पुस्तक सिद्ध के गिद्ध का विमोचन अतिथियों ने किया। इस पुस्तक कि भूमिका विनोद मिश्र ने लिखी हैं कार्यक्रम में पुस्तक पर डॉ मनीषा गिरि ने समीक्षा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का आयोजना वैदिक हेरिटेज सभागार में हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ राज गोस्वामी ने की विशेष अतिथि डॉ पूजा सिंह प्रसिद्ध कवियत्री तथा डॉ मनीषा गिरि उमाचरण शर्मा, अनूप गोस्वामी, कमलकांत शर्मा, डॉ अनिता बुंदेला, दीपक श्रीवास्तव, किरण सिंह, उपस्थित रही। रूपरेखा जिला संयोजक विनोद मिश्र सुरमणि ने प्रस्तुत की। विरासत दिवस पर प्रमुख वक्ता के रूप में गोविंद देव जू ने अपने आख्यान से दतिया के राजवंश और उसकी परंपरा विषय पर संबोधित किया।



# भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव आज

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** भगवान श्री परशुराम प्राकट्य उत्सव के पावन अवसर पर सर्व ब्राहम्ण समाज दतिया द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभिषेक, कन्याभोज, बाईक रैली एवं भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाऐगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेगे।

**रिंग रोड़ मॉल के पास से बाईक रेली आज**

ब्राहम्ण समाज के पार्षद अक्कू दुबे ने बताया कि आयोजन की शुरूआत 20 अप्रैल से होगी जिसमें प्रातः 9 बजे रासबिहारी मंदिर में पकोडिया महादेव पर भगवान श्री परशुराम जी का अभिषेक एवं कन्याभोज आयोजित किया जाऐगा। उस दिन 10 बजे नव युवक साथियों द्वारा रिंग रोड़ मॉल के पास से बाईक रेली निकाली जायेगी। जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरेगी। 25 अप्रैल को भव्य चल समारोह सायं 6 बजे रासबिहारी मंदिर पकोडिया महादेव से प्रारंभ होगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज जन एवं श्रृद्धालू शामिल होगे। वरिष्ठ समाजसेवी कमलकांत शर्मा ने सभी बिप्र बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

# एक रात में तीन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, 2 के पास नहीं थी रॉयल्टी

**नवभारत न्यूज**
**सेवढ़ा, 19 अप्रैल।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफप्रशासन ने गुरुवार रात सख्त कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान कुल तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। कार्रवाई कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई रात करीब 12 बजे थाना डिरोलीपार क्षेत्र के मंगरोल इलाके में की गई, जहां बगैर रॉयल्टी रसीद के रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई।इसके अलावा जांच के दौरान एक अन्य ट्रैक्टर भी पकड़ा गया, जो ओवरलोड रेत परिवहन कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक एक ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी के रेत ले जाते हुए मिला, जबकि दूसरा ओवरलोड था। विशेष बात यह रही कि जब्त किए गए ट्रैक्टर स्वराज कंपनी के बताए गए हैं और इन पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी अंकित नहीं था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। दोनों वाहनों को मगरोल चौकी पर रखवाया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई रात करीब 1 बजे थाना इंदरगढ़ क्षेत्र में हुई, जहां एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रेत परिवहन करते हुए जब्त किया गया। दोनों ही वाहनों को थाने में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। प्रकरण में खनिज विभाग एवं परिवहन विभाग को वैधानिक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। पूरी रात चली सर्चिंग अभियान के दौरान एसडीएम अशोक अवस्थी, एसडीओपी अजय चानना, खनिज अधिकारी तहसीलदार खनिज निरीक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**एक में क्षमता से अधिक भरी थी रेत**



# कुशवाहा हत्याकाण्ड में फरार 2 इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** थाना कोतवाली पुलिस ने कल्लू कुशवाहा हत्याकाण्ड में फरार 5-5 हजार के 2 इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार घटना का सक्षिप्त विवरण देते हुए टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 31.मार्च .26 को कल्लू कुशवाहा पुत्र मदन कुशवाहा निवासी सेवढा चुंगी निदान का कुआ दतिया को आरोपी छोटू कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा , गोलू कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, प्रवीण वाल्मीक व साहब सिह यादव ने घेर कर पुरानी रंजीश पर से कट्टे से जान से मारने की नियत से गोली मारी जो कल्लू कुशवाहा के सिर मे व दाहिने कंधे मे लगी जिससे मौके पर कल्लू की मृत्यु हो गयी । तत्काल सभी आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में फरार सभी आरोपियानो के गिरफ्तारी के लिये टीम का गठन किया गया व मुखबिरो को एक्टीवेट कर आरोपियो के ठिकानो मे दबिस दी गयी, बाद मुखबिर व तकनीक साक्ष्य के आधार पर आरोपी 1. उमेश पिता गणेश कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी सेवढ़ा चुंगी दतिया 2. प्रवीण पुत्र कैलाश वाल्मीक निवासी रिछरा फाटक दतिया को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी उमेश कुशवाहा से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है। बाद आरोपीगण का जेआर तैयार कर न्यायालय दतिया पेश किया गए जहां से आरोपीगण को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है ।

### एक नजर में

### नाली के पानी को लेकर विवाद, मामला दर्ज

**दतिया, 19 अप्रैल।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र ग्राम राधापुर में नाली के पानी को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है, जिसमें एक पक्ष के लोगों ने फरियादी व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। जिसको लेकर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया है जिला चिकित्सालय में घायलों का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार फरियादी राजू अहिरवार 38 पुत्र ग्यादीन अहिरवार ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया कि जब अपने घर की नाली का पानी निकाल रहा था, तभी गांव के ही रमेश अहिरवार,सचिनअहिरवार और सुनील अहिरवार ने उसे रोकते हुए विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। वही उसके द्वारा गाली देने से मना करने पर सुनील अहिरवार ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के चोट आई । वही संतोष अहिरवार, मातादीन अहिरवार, राकेश अहिरवार और नरेंद्र अहिरवार ने भी फरियादी के साथ मारपीट की। घटना के दौरान बचाव के लिए आए फरियादी के भाई विजय के साथ भी मारपीट कर दी।वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से घायल गौमाता का समाजसेवियों ने कराया उपचार

**दतिया।** डगरई टोल के पास एक हृदयविदारक घटनाकृएक अज्ञात वाहन ने गौ माता को टक्कर मारी, जिससे उनके दोनों पिछले पैर और एक आगे का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसकी सूचना मिलते ही समाजसेवी, गौ सेवक अपनी टीम, सहित तुरंत वहाँ पहुँचे। उन्होंने मौके पर उपचार शुरू करवाया, ट्रैक्टर बुलाकर जहां उन्होंने आश्वाशन दिया कि गौ माता का उचित उपचार कराया जाएगा और गौ माता को सुरक्षित गौशाला पहुँचाया। उन्होंने कहा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु प्रयासरत रहे हैं। वे हर पल गौ हत्या बंद करने और गौ माता के सम्मान हेतु राष्ट्रव्यापी जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। वह हर समय समाजसेवा के लिए समर्पित का भाव रखने वाले समाज सेवी युवको का कहना है कि, हम सव युवाओं की मांग हैं कि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए क्योंकि गौमाता की सेवा पूजा-अर्चना करने से हमें सभी देवी-देवताओं के दर्शनो का लाभ प्राप्त होता हैं क्योंकि गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास जो होता हैं।

# फैटी लिवर शराब सेवन से जुड़ी बीमारी नहीं : डॉ. जैन

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** फैटी लिवर आज केवल शराब सेवन से जुड़ी बीमारी नहीं रह गई है, बल्कि अनियमित जीवनशैली, मोटापा, मधुमेह, अधिक तैलीय भोजन, व्यायाम की कमी और तनाव के कारण भी बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित खबर में यह भी सामने आया है कि चौंकाने वाली बात यह है कि अब फैटी लिवर का असर सिर्फ लिवर तक सीमित नहीं रहकर शरीर के अन्य अंगों और चयापचय तंत्र पर भी पड़ रहा है। विश्व लिवर दिवस पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य लोगों को समय रहते जांच, सही खानपान और जीवनशैली सुधार के प्रति प्रेरित करना रहा, ताकि गंभीर जटिलताओं से पहले ही रोग की पहचान हो सके। उक्त बात चिकित्सक डॉ.हेमंत जैन ने आयोजित शिविर में कही।

**शिविर में कुल 67 मरीजों ने जांच और स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया**




यह निःशुल्क पैथोलॉजी शिविर रविवार, को सुबह 10रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक आयोजित किया गया था। शिविर का आयोजन डॉ. हेमंत कुमार जैन, एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन, सह प्राध्यापक, चिकित्सा विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया द्वारा किया गया। शिविर में मरीजों की विभिन्न आवश्यक जांचों के साथ परामर्श भी दिया गया, ताकि फैटी लिवर, शुगर, लिपिड प्रोफाइल और अन्य संबंधित समस्याओं की शुरुआती पहचान की जा सके। आयोजन स्थल डॉ. हेमंत जैन क्लिनिक, आश्रम हनुमान गढ़ी के पास, दतिया रहा। जागरूकता का संदेश विश्व लिवर दिवस हर वर्ष इस बात की याद दिलाता है कि लिवर की बीमारियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। फैटी लिवर अक्सर बिना लक्षण के बढ़ता है और बाद में गंभीर लिवर रोग, सूजन, फाइब्रोसिस या सिरोसिस का कारण बन सकता है। ऐसे शिविर न केवल जांच की सुविधा देते हैं, बल्कि आम जनता को यह संदेश भी देते हैं कि समय पर स्क्रीनिंग, वजन नियंत्रण, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से लिवर को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। शिविर में युवा समाज सेवी, अनिल शाक्य , मयंक पुरोहित , जीतू , नरेंद्र , सोनू और धीरज ढींगरा का सहयोग रहा।

# विद्यार्थी को कानूनों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत : डॉ.सूर्या

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 19 अप्रैल।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन से हुआ। स्वागत उद्बोधन डॉ. रजनी सिंह विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग ने प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में डॉ. सूर्या शर्मा ने विद्यार्थियों को महिलाओं के कानूनी अधिकारों से परिचित कराया। उन्होंने विशाखा गाइडलाइन पर भी प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को कानूनों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

**पी जी कॉलेज में नारी शक्ति पर महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं कार्यस्थल विषय पर व्याख्यान का आयोजन**

डॉ. मनोज व्यास प्राचार्य शासकीय गोविंद महाविद्यालय सेवढ़ा भी उपस्थित रहे जिन्होंने बालिकाओं को सजग, सतर्क एवं शसक्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपिका दीक्षित ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ मनीष शर्मा ने किया। तकनीकी सहयोग दिनेश भोई ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा सिंह, डॉ प्रतिभा पाण्डेय,डॉ. शिव सिंह, डॉ. के एस दादौरिया, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. भगवान सिंह, डॉ जयंती अहिरवार, डॉ. अमित जौहरिय, डॉ. मनी त्यागी सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।